तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 16.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 11 अक्टूबर, 2025

10 जलभराव की समस्या को लेकर शुरू की कार्रवाई



10 सैनी समाज के सदस्यों को एक मंच पर एकजुट करने की मुहिम



## खबर संक्षेप

### ट्रेनों का ठहराव समय दो मिनट बढ़ाया

**पानीपत।** पानीपत रेलवे जंक्शन पर दीपावली और छठ पूजा समेत त्योहारों पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेलवे की ओर से लगातार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही दीपावली पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। त्योहार के दौरान रेलवे जंक्शन पर 20 से अधिक ट्रेनों को दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ठहराव की अवधि बढने से यात्रियों को ट्रेन में सवार होने व उतरने में आसानी होगी।

### चोर को गिरफ्तार कर पांच बाइक बरामद की

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर विकास पुत्र सतपाल निवासी गांव उग्राखेड़ी जिला को नई सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विकास की निशानदेही पर चोरी की 5 बाइक बरामद की है। इधर, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी विकास से बरामद मोटरसाइकिल की चोरी बाबत थाना तहसील कैंप में गांव बबैल निवासी जयकुमार पुत्र हरदेवा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मोबाइल फोन व नकदी लूट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने काम से घर लौट रहे श्रमिक सावेज पुत्र इकराम निवासी कैराना यूपी हाल किरायेदार हरिनगर से मोबाइल व आठ हजार नगदी लूट करने की वारदात में शामिल फरार चौथे आरोपी गांव तितरम कैथल हाल हरिनगर निवासी गोबिंद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं लूट के इस केस में आरोपी विशाल, हिमांशु व एक नाबालिग को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ग्राम सचिव से दुर्व्यवहार 3 के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव बरसाना में महिला ग्राम सचिव को खेत से बाजू पकड़ कर बाहर निकाल, खेत में आग लगाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव बरसाना की ग्राम सचिव कुसुम ने बताया कि पंचायती काम के सिलसिले में वह खेतों का भौतिक निरीक्षण कर रही थी। उसी दौरान गांव के ही जगमोहन, हरिमोहन तथा अन्य ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ दुव्र्यहार किया।

## करनाल सिविल अस्पताल में चले लाठी-डंडे

# 'पार्किंग विवाद' पर खूनी संघर्ष, मरीजों में दहशत

*झगड़े के बाद एक पक्ष मेडिकल जांच के लिए सुबह सिविल अस्पताल पहुंचा था। इसी दौरान, विरोधी पक्ष भी किसी काम से अस्पताल आ गया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

■ अस्पताल में यह दूसरी भिड़ंत पुलिस ने झगड़ा करने वालों को मौके पर हिरासत में लिया

करनाल के सिविल अस्पताल परिसर में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। ये दोनों गुट एक दिन पहले हुए पार्किंग विवाद को लेकर भिड़ गए थे। अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों में इस झगड़े से दहशत का माहौल बन गया।

पुलिस के मुताबिक, झगड़ा करने वाले दोनों गुट मककू माजरा गांव के रहने वाले हैं। गुरुवार देर रात मककू माजरा गांव में पार्किंग को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जो धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गई। इस झगड़े के बाद एक पक्ष मेडिकल जांच के लिए शुक्रवार सुबह सिविल अस्पताल पहुंचा था। इसी दौरान, विरोधी पक्ष भी किसी काम से अस्पताल आ गया। दोनों को देखते ही फिर से कहासुनी शुरू हो गई और मामला इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे निकल आए।

अस्पताल परिसर में अचानक हुए इस खूनी संघर्ष से मरीजों और उनके परिजनों के बीच भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि इस दौरान किसी मरीज को चोट नहीं आई।



**करनाल।** सिविल अस्पताल में पार्किंग को लेकर हुए संघर्ष के चलते लाठी-डंडे चल पड़े। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल। पहुंचा और दोनों पतक्ष के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। *फोटो : हरिभूमि*

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत इस हंगामे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गया।

सब-इंस्पेक्टर कृष्ण लाल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर दोनों गुटों को काबू में किया और उन्हें बस में बैठाकर सिविल लाइन थाने ले गई। पुलिस ने झगड़ा करने वालों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर अस्पताल परिसर में शांति व्यवस्था बहाल कर दी है और शिकायत के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### मुगल माजरा की लेदर फैक्ट्री में भीषण

**करनाल।** करनाल जिले के मुगल माजरा गांव स्थित एक लेदर फैक्ट्री में शुक्रवार को अचानक भीषण आग लग गई। जिस वक्त यह हादसा हुआ, फैक्ट्री में लेबर काम कर रही थी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये का लेदर और अन्य सामान जलकर राख हो गया। फैक्ट्री में शुक्रवार को रोज की तरह काम चल रहा था। लेबर मशीनों पर काम कर रही थी कि तभी अचानक एक हिस्से से धुआं उठना शुरू हुआ। मजदूरों ने जब आग को विकराल रूप लेते देखा तो तुरंत अपनी जान बचाई और पुलिस कंट्रोल रूम के डायल-112 पर फोन कर सूचना दी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। फायर स्टेशन से करीब छह गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगाई गईं। डायल-112 के इंचार्ज रोहित ने बताया कि कॉल मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। दमकल टीम ने करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग लगने से फैक्ट्री का सारा लेदर और अन्य कीमती सामान पूरी तरह जल गया।

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू, पुलिस को सुरक्षा की जिम्मेदारी

■ डीसी ने प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी तय की, सुरक्षा पर ज्यादा जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के कार्यक्रम को तैयारी शुरूकर दी है। इस सिलसिले में शुक्रवार को उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अधिकारियों को जरुरी जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने सभी अधिकारियों को बताया कि 18 अक्तूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वायु स्टेशन अंबाला छावनी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी।

उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रोटोकोल के तहत सभी विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली से हवाई मार्ग के माध्यम से एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगी। यहां पर वे वायु सेना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त ने बताया कि बीते कल वायु सेना के अधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित हुई है। नगर परिषद व कैंटोनमेंट बोर्ड से आए अधिकारियों को उनके क्षेत्र के तहत सफाई व्यवस्था , सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व स्वास्थ्य के अधिकारियों को जरुरी बंदोबस्त करने के आदेश दिए। बिजली निगम के अधिकारियों को बिजली व्यवस्था निर्बाध रूप से सुचारू करने, अग्निशमन विभाग से आए अधिकारियो को फायरब्रिगेड की गाड़ी की व्यवस्था करने के आदेश दिए गए।



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

### हवलदार व नायब सूबेदार के क्वार्टर में सेंधमारी

**अंबाला।** सेना के कॉनवे पार्क स्थित दो क्वार्टरों में चोरों ने सेंध लगा दी। चोरों ने श्रीनगर में तैनात हवलदार व अंबाला में तैनात नायब सूबेदार के क्वार्टर को निशाना बनाया। दोनों जगह से ढाई लाख रुपये के आभूषण व आठ हजार रुपये की नकदी ले गए। जबकि इन क्वार्टरों के मुख्य गेट पर सेना के चौकीदार का पहरा रहता है। सीसीटीवी खंगाले तो उसमें दो चोर बाहर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता सुनीता पटेल व नायब सूबेदार कुलवीर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया।

## 50 हजार का इनामी अस्पताल से छुट्टी के बाद किया गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने मुठभेड़ में घायल 50 हजार का इनामी आरोपी हस्पताल से छुट्टी के बाद गिरफ्तार किया है। थाना लाडवा पुलिस की टीम ने मुठभेड़ में घायल 50 हजार का इनामी आरोपी अमन कुमार वासी जैनपुर जाटान जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। 14 सितंबर की रात्रि को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवकों ने उनके ठेका पर की रौन्द फायर किए और भाग गए। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा जिलाभर मे नाकेबन्दी करके जांच की गई। आरोपियों की तलाश में अपराध शाखा-1 की टीम भी मौका पर पहुंची थी। दिनांक 19 सितम्बर शाम को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम आरोपियों की तलाश मे लाडवा एरिया मे मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव सोंटी के पास से एक नौजवान लड़के को मुठभेड़ के बाद काबू किया था। मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम की जवाबी फायर किया जो गोली आरोपी की टांगों में लगी जिससे आरोपी घायल हो गया था जिसको पुलिस टीम द्वारा एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा था। आरोपी की पहचान अमन वासी जैनपुर जाटान के रुप में हुई थी।

*मेला प्रशासक ने दी जानकारी*

# श्री कपालमोचन आदिबद्री मेला एक से पांच नवंबर तक लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

उत्तर भारत के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक श्रीकपालमोचन एवं आदिबद्री मेले का एक नवंबर से 5 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। मेला में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान व उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु पहुंचकर तीर्थ स्थल स्थित तीनों सरोवरों में स्नान और पूजा ध्यान करेंगे।

मेला प्रशासक एवं एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने बताया कि ऐतिहासिक मेला श्री कपाल मोचन श्री आदिबद्री 1 नवंबर से 5 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। मेले में हरियाणा के साथ साथ दूसरे राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु तीनों सरोवर श्री ऋण मोचन, श्री कपाल मोचन व श्री सूरजकुंड सरोवर में क्रमवार स्नान करेंगे।

### युद्धस्तर पर किए जा रहे इंतजाम

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को मेले में सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि मेला में आए हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेवारी है। इसलिए जिन कर्मचारियों व अधिकारियों की ड्यूटी मेला कपाल मोचन में रहेगी। वह सेवा भाव से व जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि मेला कपाल मोचन में सभी मार्गों से पेड़ों की टहनियां की छंटाई की जा रही है। जिससे मेला में आने वाले श्रद्धालुओं व उनके वाहनों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। सूरजकुंड सरोवर के पास ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्री निवास बनाया गया है। जिसमें यात्री ठहर सकते हैं।

# महाभारत की थीम पर सजाए जाएंगे चौराहे : सुधा

■ शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए लाइटिंग व लड़ीयों से होगी सजावट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर में जितने भी चौक-चौराहे हैं उन सभी को अब महाभारत की थीम पर सजाया जाएगा, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को यह अहसास हो कि हम गीता की भूमि पर आए हैं।

इसके साथ ही त्योहारी सीजन पर शहर को और अच्छा लुक देने के लिए शहर में लाईटिंग, रंग-बिरंगी लड़ीयां भी लगाई जाएं। इससे शहर की सुदंरता में चार चांद लग जाएंगे। उन्होंने शहर की सडकों की रिपेयरिग व कई नई सडके भी बनाए जाने के निर्देश दिए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंनें कहा कि हालांकि सफाई मित्र लगातार पूरी ईमानदारी और लगन के साथ अपना काम कर रहे हैं, लेकिन एरिया और जनसंख्या बढ़ने और कर्मचारियों की कमी से उनपर भी काम का ज्यादा दवाब रहता है। इसी समस्या को देखते हुए और आने वाले दिनों में त्योहारी सीजन व गीता जयंती के चलते अब 100 सफाई कर्मचारी ओर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि साथ ही कूडा उठान करने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली व जेसीबी सहित अन्य सफाई उपकरणों की भी व्यवस्था की जाएगी।

### कुरुक्षेत्र में लगेगा शिल्प मेला

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों का निर्माण करने वाले सैल्फ हैल्प ग्रुप, एनजीओ व स्ट्रीट वेंडर को एक नया और बडा मंच दिया जा रहा है। यह मंच केशव पार्क में सजाया जाएगा। इस मंच के लिए आत्मनिर्भर भारत को प्रदर्शित करने वाले वोकल फॉर लोकल का एक शिल्प मेला 17 से 19 अक्टूबर तक लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार स्वदेशी उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने के लिए 17 से 19 अक्टूबर तक केशव पार्क में सांझा स्वदेशी बाजार सजाया जा रहा है। इस बाजार में आत्म निर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इस बाजार में सैल्फ हैल्प ग्रुप, एनजीओ और स्ट्रीट वेंडर अपनी मेहनत से तैयार किए गए स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे।

## दो लोगों से 75 लाख की साइबर ठगी

■ साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू, ठगी में महिलाएं भी शामिल

**अंबाला।** ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर दो लोगों से करीब 75 लाख की ठगी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली वारदात नारायणगढ़ के नगला राजपुताना गांव के रहने वाले राजीव शर्मा के साथ हुई। शर्मा का आरोप है कि ठग उससे 42.85881 रुपये की धोखाधड़ी कर गए। साइबर पुलिस को दी शिकायत में राजीव शर्मा ने बताया कि वह पुरानी गाड़ियों को खरीदने व बेचने का काम करता है। साथ ही वह शेयर मार्केट में भी निवेश करता है। उसके मोबाइल पर मैसेज आया था जिसमें नेहा नाम की एक महिला ने ट्रेडिंग की बात बोलकर एक ग्रुप में जोड़ दिया था। झांसे में आकर लाखों रुपये लगा दिए। बाद में दूसरी कंपनी पीएमएसएल वेल्थ ब्लू प्रिंट के नाम से अलग खाते में 11 लाख 84 हजार रुपये लगाए तो वो भी फ्रॉड निकली। इस तरह से दोनों कंपनियों के नाम पर 42 लाख 85 हजार 881 रुपये की धोखाधड़ी हुई। ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के नाम पर दूसरी ठगी नारायणगढ़ के प्रवीन हर्ष के साथ हुई। ठगों ने उससे 31.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। साइबर पुलिस को दी शिकायत में प्रवीन हर्ष ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। 9 अगस्त को उसके व्हाट्सएप पर सुधा भूषण के नाम से महिला का मैसेज आया था। लिंक भेजकर ट्रेडिंग करवाने के नाम पर अलग अलग खाते में पैसा जमा करवाया। 23 सितंबर को दोबारा ठग कहने लगे कि 21 लाख टैक्स और देना होगा।

### मकान से नेपाली नौकरानी ले उड़ी करोड़ों की नकदी और ज्वेलरी

**करनाल।** करनाल के सेक्टर-9 स्थित प्रतिष्ठित सारा ज्वेलर्स के मालिक लवीश गोयल के घर गुरुवार शाम डकैती की वारदात से हड़कंप मच गया। यह वारदात किसी बाहरी गिरोह ने नहीं, बल्कि घर में काम कर रही नेपाली नौकरानी रीमा ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर की।करीब 27 दिन पहले एजेंसी के माध्यम से रखी गई इस नौकरानी ने शाम करीब 4 बजे घर की मालकिन और बिहार मूल की दूसरी नौकरानी पर स्प्रे मारकर उन्हें बेहोश किया और लाखों की नकदी व सोने-चांदी के गहने समेटकर फरार हो गई। तीनों युवक एक स्कूटी पर आए थे, जिनमें से दो घर के अंदर गए और एक बाहर स्कूटी लेकर इंतजार करता रहा। घर का दरवाजा तब खुला जब लवीश का पोता ट्यूशन से लौटकर आया। उसने अपनी दादी और नौकरानी को फर्श पर बेहोश पड़ा पाया।

## नरवाना में हुआ सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

■ उद्घाटन समारोह में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व राज्यसभा सांसद सुभाष बराला

**नरवाना।** नवदीप स्टेडियम में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। इस खेल महोत्सव में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। जबकि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र नोडल अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों में बेहतर खेल प्रतिभा पैदा करना है। खेलों से युवा पीढ़ी का जहां समग्र विकास होता है वहीं प्रतियोगिता के इस युग में अनुशासन एवं एकाग्रता के साथ अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा भी मिलती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी खेल नीति से युवा खिलाड़ियों को नया प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की ओलंपिक, एशियाड तथा कॉमनवेल्थ जैसी खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों को करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। इसके अलावा खिलाड़ियों को बेहतर एवं उत्कृष्ट खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नवदीप स्टेडियम में आधुनिक पवेलियन निर्माण के लिए तीन करोड़ 28 लाख रुपये तथा स्टेडियम नवीनीकरण के लिए एक करोड़ 70 लाख रुपये की राशि सरकार द्वारा मंजूर की जा चुकी है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर पूरे देश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव खिलाडियों के सम्मान में लिया गया अनूठा फैसला है। यह आयोजन जहां मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ियों के प्रति समर्पण एवं श्रद्धांजलि की भावना से ओतप्रोत है वहीं युवा पीढ़ी को शारीरिकए मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूती प्रदान करता है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र में करीब 40 हजार खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण करवाया है जो सराहनीय है। इसके अलावा नरवाना में आयोजित इस खेल महोत्सव में तीन हजार 456 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। बराला ने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे खेल को खेल की भावना से खेलें और टीम स्पिरिट के साथ प्रतियोगिता में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करे।

## तीन दिवसीय जिम्नास्टिक व स्विमिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

# जिम्नास्टिक और स्विमिंग में मेजबान अंबाला बना चैंपियन

■ जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर ने दिए विजेताओं को ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला छावनी के वार हीरोज स्टेडियम में तीन दिन से चल रही जिम्नास्टिक अंडर 14,17,19 (लड़के एवं लड़कियां) तथा स्विमिंग अंडर 14, 17,19 (लड़कियां) की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। खास बात यह रही कि ऐसा पहली बार हुआ जब राज्य स्तर का कोई स्कूल टूर्नामेंट बिना किसी शिकायत के संपन्न हुआ।

इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने टूर्नामेंट के लिए बनाई आयोजक टीम को बधाई दी। प्रतियोगिता में अंबाला के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (अंडर-17, लड़कियां) में अंबाला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक ( अंडर-19, लड़कों) और आर्टिस्टिक जिमनास्टिक (अंडर-19, लड़कियों) में भी अंबाला के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। इसी तरह आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (अंडर-17, लड़कों) में सिरसा ने प्रथम, अंबाला ने द्वितीय तथा गुरुग्राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्विमिंग प्रतियोगिता में (200 मीटर व्यक्तिगत) में अंबाला की खुशी माथुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं नगद इनाम प्रदान किए। कालड़ा ने इस टूर्नामेंट के लिए उनके द्वारा तैनात उन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया जिनकी ड्यूटी खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु लगाई गई थी।



**अंबाला।** विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते डीईओ। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा, राजेश कुमार, शैलजा, नीरू गुप्ता, नरेंद्र सिंह,अनीता शर्मा, टूर्नामेंट के नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह, सहायक खेल शिक्षा अधिकारी अमरेंद्र सिंह, सहायक मौलिक शिक्षा खेल अधिकारी साहिल सचदेवा तथा डीपीई प्रियंका, गुरदेव सिंह, जयकुमार, ओंकार चोपड़ा, रवि जोगिंदर, मलकीत सिंह, जगतार सिंह, नितिन सभ्रवाल, विशाल सैनी, मोहित, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, तरुण यादव और मोनिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।*

# पुलिया के नीचे पड़ा मिला ग्रुप डी कर्मचारी का शव

■ सरकारी स्कूल में कार्यरत था मृतक, वीरवार से था लापता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर के गांव यासिन माजरी निवासी मृतक स्वर्ण सिंह का फाइल फोटो।

साढौरा क्षेत्र के गांव यासिन माजरी में वीरवार से लापता हुए सरकारी स्कूल के गुरप डी कर्मचारी का शव शुक्रवार को गांव में एक पुलिया के नीचे से बरामद हुआ है। परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक के भाई सुमित कुमार ने बताया कि उसका भाई स्वर्ण सिंह गांव के सरकारी स्कूल में कार्यरत था। गुरुवार की शाम को वह घर से अचानक लापता हो गया था। जिसकी वे रातभर तलाश करते रहे लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह स्वर्ण सिंह की पत्नी किरणा देवी घर की साफ सफाई करके कूड़ा डालने के लिए सड़क पर बनी एक पुलिया के पास गई तो वहां पानी में उसके पति का शव पड़ा हुआ था। उसने इस बारे तुरंत घर आकर बताया। वह मौके पर पहुंचे और उसे पानी से निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

## धर्म कांटे में घुसकर ऑपरेटर से मारपीट

**यमुनानगर।** गांव मंडोली स्थित साईं धर्म कांटा के अंदर घुसकर तीन युवकों ने ऑपरेटर के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मंडोली निवासी अमनदीप सिंह ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका साईं धर्म कांटा है। जिस पर उसने अमरिंदर कुमार को ऑपरेटर के पद पर रखा हुआ है। सात अक्टूबर को सुबह 10 बजे गांव के ही मलखान, आरिफ व फरमान ने धर्म कांटे के अंदर घुसकर ऑपरेटर अमरिंदर कुमार के साथ मारपीट की। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोगों के पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए।

## दुकान के गल्ले से 20 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** गांव कैल स्थित दुकान के गल्ले से चोरों ने 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। जब दुकानदार 10 मिनट बाद वापस लौटा तो उसे चोरी के बारे में पता चला। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रूलाखेड़ी निवास से गंगाराम ने कैल में दुकान की हुई है। आठ अक्टूबर को सुबह 10 बजे वह दुकान पर आया था। इस दौरान वह दुकान खुली छोड़कर किसी काम से बाहर चला गया। करीब 10 मिनट बाद जब वह वापस दुकान पर लौटा तो गल्ला खुला पड़ा था और अंदर से रुपये गायब थे। गल्ले से 20 हजार रुपये गायब मिले।

## व्यक्ति की जेब से निकाले 25 हजार

**जगाधरी।** दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह देर शाम बाजार में किसी काम से गया था। जब वह जगाधरी की छोटी लाइन के पास पहुंचा तो वह अपनी पेंट की जेब से पैसे निकालने लगा। मगर उसे जेब से पैसे गायब मिले। उसने बताया कि चोरों ने जेब से 25 हजार रुपये निकाल लिए हैं। इसकी सूचना पुलिस को दी।

नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने की बैठक की अध्यक्षता, बोलीं- पार्षद से पूछकर ही लगाई जाएंगी लाइटें

# दीपावली से पहले जगमगाएगी ट्विन सिटी हर वार्ड में लगेंगी 100-100 एलईडी लाइटें

## नगर निगम हाउस की जिमखाना क्लब में आयोजित साधारण बैठक में पारित किए 58 प्रस्ताव

- लाइटें लगाने से पहले हर वार्ड में होगी डार्क जोन की पहचान, प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास करने का दावा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दीपावली पर्व से पहले नगर निगम के प्रत्येक वार्ड का डार्क जोन जगमग किया जाएगा। इस दौरान निगम के प्रत्येक वार्ड में सौ-सौ एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। यह निर्णय नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में शहर के जिमखाना क्लब में आयोजित हुई निगम के सदन की साधारण बैठक में लिए गए। बैठक में 58 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। मौके पर निगमायुक्त महाबीर प्रसाद भी मौजूद रहे।



यमुनानगर में नगर निगम के सदन की आयोजित साधारण बैठक में संबोधित करतीं मेयर सुमन बहमनी।

मेयर सुमन बहमनी ने सदन की बैठक में सभी को आश्वस्त करते हुए दीपावली से पहले नगर निगम क्षेत्र को जगमग करने की बात कही। फैसला लिया गया कि नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में डार्क जोन चिह्नित कर उनमें सौ-सौ एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। पार्षद की अनुमति के बिना अपनी मर्जी से ठेकेदार कहीं भी कोई लाइट नहीं लगाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सदन की बैठक का उद्देश्य नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करना रहा। सभी पार्षदों व निगम अधिकारियों के सहयोग, समर्थन और साथ से प्रत्येक वार्ड का विकास होगा।

### पार्कों की देखरेख व सीवरेज व्यवस्था के मुद्दे भी उठे

मौके पर सदन की बैठक में पार्षद रुचि शर्मा ने सफाई व्यवस्था, पार्षद दीक्षित धीमान ने डोर टू डोर कचरा संग्रहण, पार्षद विक्रम राणा ने विकास कार्यों के संबंध में पार्षदों से एनओसी लेने से जुड़ी समस्याओं, पार्षद विभोर पाहुजा व श्याम लाल शर्मा ने पार्कों की देखरेख व सीवरेज व्यवस्था, पार्षद हरजीत आनंद ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, पार्षद जयंत स्वामी व संदीप धीमान ने अप्रूव्ड व अनअप्रूव्ड कॉलोनियों से जुड़े मुद्दों पर सवाल जवाब किए। अन्य पार्षदों ने भी अपने वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

### 41 हजार लाइटें लगाने का लक्ष्य, अभी 13 हजार लग चुकीं

स्ट्रीट लाइट के मुद्दे पर एसडीओ राजेश शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 41011 एलईडी लाइटें लगाने का कार्य प्रगति पर है। 13 हजार लाइट लग चुकी हैं। 18 माह के भीतर लाइट लगाने का कार्य पूरा किया जाएगा। इस दौरान हर वार्ड में 100-100 लाइटें लगाने की बात फिर सामने आई।

### संपत्तियां सत्यापित करने में यमुनानगर नंबर वन

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि प्रदेश भर में 54.50 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर नगर निगम प्रथम स्थान पर है। वहीं, प्रॉपर्टी टैक्स रिलाइजेशन में गुरुग्राम व फरीदाबाद के बाद हमारा तीसरा स्थान है। स्वच्छता रैंकिंग में राज्य में हमारा 11 और देश में 47वां रैंक रहा। नगर निगम को प्रदेश में तीसरे और देश में दसवें स्थान पर लाने के लिए हम प्रयासरत हैं। मौके पर विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव, सीनियर अकाउंट ऑफिसर कृष्ण जैन, कार्यकारी अभियंता नरेंद्र सुहाग, विकास धीमान, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी जितेंद्र मल्होत्रा, कार्यालय अधीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाचरौन में 12 को खाटू श्याम जागरण

- श्री श्याम मित्र मंडल नाचरौन द्वारा आयोजित किया जा रहा है द्वितीय जागरण
- मंडल के सदस्यों ने शुक्रवार को नगर खेड़ा पर निशान चढ़ाकर जागरण की सफलता के लिए की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

श्री श्याम मित्र मंडल नाचरौन के तत्वावधान में 12 अक्टूबर को श्री खाटू श्याम के दूसरे विशाल जागरण का आयोजन को किया जाएगा। विशाल जागरण में राजस्थान व हरियाणा के प्रसिद्ध भजन गायक पहुंचकर श्री खाटू श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। शुक्रवार को श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने नगर खेड़ा पर निशान चढ़ाकर जागरण की सफलता के लिए पूजा अर्चना की। प्रधान डॉ. लाभ सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को शाम छह बजे से लेकर प्रभु इच्छा तक श्री खाटू श्याम के जागरण का आयोजन होगा।


यमुनानगर के गांव नाचरौन में नगर खेड़े पर निशान लेकर पूजा अर्चना करने जाते हुए मंडल के सदस्य।

### भाजन गायिका साक्षी अग्रवाल आएंगी

विशाल जागरण में राजस्थान के जयपुर से प्रसिद्ध भाजन गायिका साक्षी अग्रवाल और हरियाणा के करनाल से भजन गायक साहिल डोगरा और खेड़ी लक्खा सिंह से भजन गायक अंश पपनेजा समेत अन्य भजन गायक पहुंचकर श्री खाटू श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान मंच संचालन अनिल अुरागी करेंगे। मंडल के प्रधान डॉ. लाभ सिंह ने बताया कि जागरण को लेकर सभी सदस्यों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं और इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। श्री खाटूश्याम जी के जागरण को लेकर गांव समेत क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में जागरण व भंडारे में पहुंचकर श्री खाटू श्याम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अवसर पर राहुल पुंडीर, मुकेश जेलदार, रंजीत राणा, धर्मबीर, विशाल, भूपेंद्र, बिट्टू, मुकेश, रणधीर, श्रीपाल, धर्मबीर, सतीश, विनोद, राहुल शर्मा, शिवकुमार, साहब सिंह व संदीप राणा आदि मौजूद रहे।

# सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की तैयारियां तेज


यमुनानगर के जिला सचिवालय में उपायुक्त से मुलाकात करते नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम के पदाधिकारी।

- कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अब तक लगभग ढाई लाख प्रतिभागी करा चुके हैं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता से मुलाकात की। इस बैठक में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। सांसद खेल महोत्सव कॉर्डिनेटर कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अब तक लगभग ढाई लाख प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। सदस्य रोहन मेनन ने बताया कि सांसद जिंदल का मानना है कि इस आयोजन से खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

## विद्यार्थियों ने जानी उद्योग की नवीनतम तकनीकें



**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन (रादौर) के इंजीनियरिंग व प्रबंधन के विद्यार्थियों ने मोहाली स्थित कंपनी मियेंडर सॉफ्टवेयर लिमिटेड में शैक्षणिक भ्रमण कर उद्योगों के बारे में विभिन्न जानकारियां हासिल की। इस दौरान विद्यार्थियों ने कंपनी में सॉफ्टवेयर उद्योग की कार्यप्रणाली व नवीनतम तकीनीकों की जानकारी हासिल की। रिलेशनशिप मैनेजर अमन ने विद्यार्थियों को कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान के समूह निदेशक डॉ. अश्वनी ढींगरा व निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए इस प्रकार के औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण समय समय पर करवाता रहता है।

## मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दिव्यांग बच्चों की जांच



**यमुनानगर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में उत्थान संस्थान की कोशिश ईकाई के दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सिविल अस्पताल से आए डॉक्टर्स की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य को जांचा। मौके पर मुख्यातिथि के रूप में सीजेएम सुमित्रा उपस्थित हुए। मुख्यातिथि ने कहा कि यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने और सभी को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त करने में मदद करता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं एक व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य एक स्वस्थ समाज और राष्ट के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बच्चो द्वारा बनाए गए हवन कप तथा गोबर से बने दीयों की प्रशंसा की। उन्होंने समाज के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी को इन बच्चों द्वारा बनाए गए दीये खरीदने चाहिए जिससे इन बच्चों को और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिले। उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन किसी दिव्यता के साथ पैदा होते है।

## मेहंदी में रिया और खुशी ने पाया प्रथम स्थान



**रादौर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरेहड़ी में करवाचौथ पर्व के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे व शिक्षिकाओं के हाथों पर आकर्षक मेहंदी डिजाइन लगाए। मेहंदी प्रतियोगिता में रिया व खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्रा प्रिया व ईशिका ने द्वितीय और सान्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को विद्यालय की प्राचार्या ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# दलित समाज पर हो रहे अत्याचार बर्दाश्त नहीं

- एडीजीपी आत्महत्या केस में सख्त कार्रवाई की मांग की


पत्रकारवार्ता करते भीम सिंह राठी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी भीम सिंह राठी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार के द्वारा आत्महत्या करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीनियर आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार द्वारा अपने चंडीगढ़ स्थित घर में सुसाइड करने पर देश व प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति का सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है। वाई पूर्ण कुमार ने जाति के आधार पर उनसे भेदभाव करने का आरोप लगाया था।

### जाति आधारित भेदभाव

राठी ने कहा कि आज के समय में दलितों में अत्याचार बढ़ गए हैं, जिससे दलित समाज खतरे में आ गया है। जाति के आधार पर भेदभाव के कारण ही अधिकारी मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं। दलित समाज के लोगों के साथ हो रहे अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दलित समाज के लोग जब उच्च पदों पर पहुंचने लगे हैं तो कुछ लोगों को यह सब बर्दाश्त नहीं हो रहा। जिस कारण वे उनको जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित कर रहे हैं। वहीं उनका मानसिक उत्पीड़न कर उनको आत्महत्या जैसे भयानक कदम उठाने के लिए मजबूर करते हैं। देश बेशक आजाद हो चुका है, परंतु आज भी देश जातिवाद की मानसिकता से आजाद नहीं हो पाया है। दलित समाज वाई पूरण कुमार की मौत के मामले में दोषियों को सजा जरूर दिलवाएगा।

## 13 से 24 अक्टूबर तक होंगी जिलास्तरीय बाल प्रतियोगिताएं

**यमुनानगर।** जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि परिषद का मंच बच्चों के छिपे हुए हुनर को दिखाने और उन्हें नई दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के सौजन्य से 13 से 24 अक्टूबर 2025 तक जिला राज्य कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन यमुनानगर में बाल दिवस को समर्पित जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में उनकी कला, संस्कृति, शिक्षा, हुनर और रचनात्मक गुणों को प्रस्तुत करने का अवसर देना है। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंडल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जिले के सभी अध्यापकों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वह बच्चों को लेकर आएं।

# दीपावली पर्व पर ग्रीन पटाखे ही बेचें

- उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उपमंडल मजिस्ट्रेट को ग्रीन पटाखे बेचने के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने के लिए किया अधिकृत

न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्र सरकार द्वारा पटाखओं की बिक्री, खरीद और भंडारण हेतु अस्थायी बूथों की स्थापना के संबंध जारी किए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना को लेकर जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने लाइसेंस धारकों को ग्रीन पटाखे बेचने के लिए आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने आदेश जारी करते हुए जिला के संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट को केवल ग्रीन यानी हरित पटाखों की बिक्री हेतु स्थलों की पहचान करने और उनके लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत किया है। इसमें स्थायी लाइसेंस धारकों के अलावा अन्य आवेदक भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि केवल ग्रीन पटाखे ही बेचे जाएं।

### 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक अभियान

जिलाधीश एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक इस कार्यालय को सूचित करते हुए उपमंडल अधिकारी लाइसेंसों की संख्या को यथासंभव न्यूनतम रखने का प्रयास करेंगे। अस्थायी लाइसेंस जारी करते समय एसडीएम आवेदकों से यह वचनबद्धता लेंगे कि वह केवल हरित पटाखे ही बेचेंगे और निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक नहीं रखेंगे। हरित पटाखे फोड़ने संबंधी आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन यमुनानगर द्वारा संबंधित उपमंडल के एसडीएम की अध्यक्षता में प्रवर्तन दल गठित किए जाते हैं। जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने बताया कि अन्य सदस्य उपमंडल के संबंधित डीएसपी, तहसीलदार, अग्निशमन केंद्र अधिकारी या प्रतिनिधि तथा संबंधित उपमंडल की नगर पालिका परिषद, निगम के दो प्रतिनिधि होंगे। लाइसेंस धारकों को यह वचनबद्धता देनी होगी कि वे केवल सीएसआईआर नीरी द्वारा प्रमाणित हरित पटाखे ही बेचेंगे और सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा जारी सभी आदेशों और दिशानिर्देशों का पालन करेंगे।

### तय स्थानों की एसएचओ करेंगे जांच

जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने बताया कि संबंधित एसएचओ लाइसेंस धारकों को पटाखे बेचने के लिए निर्धारित किए गए निर्दिष्ट स्थानों की जांच करेंगे। वह यह देखेंगे कि लाइसेंस धारक निर्धारित किए गए स्थानों पर पटाखे बेच रहे हैं या फिर किसी अन्य स्थान पर अपना व्यवसाय कर रहे हैं। एसएचओ यह भी जांच करेंगे कि लाइसेंस धारओं ने कहीं अपना लाइसेंस किसी अन्य को किराए आदि पर तो नहीं दिया गया है। टीमें सभी नकली हरित पटाखों को जब्त करेंगी और ऐसे खुदरा विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द करने तथा विस्फोटक नियम 2008 के तहत कार्रवाई की सिफारिश करेंगी। फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि सहित किसी भी ई.कॉमर्स वेबसाइट को जिला यमुनानगर के अधिकार क्षेत्र में ऑनलाइन ऑर्डर स्वीकार करने और पटाखों की ऑनलाइन बिक्री करने की अनुमति नहीं है। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित एसएचओ उत्तरदायी होगा।

## सुहागिनों ने उमंग और उत्साह से मनाया करवा चौथ का पर्व

# विदेशों में रह रहे पतियों के ऑनलाइन किए दीदार

- सुहागिनों ने उपवास के दौरान करवा चौथ की कथा का भी किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सुहागिनों की आस्था का प्रतीक करवा चौथ पर्व शुक्रवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। पर्व के मौके पर सुहागिनों ने अपने पतियों की लंबी आयु को लेकर सोलह श्रृंगार कर दिन भर उपवास रखा।

इस दौरान सुहागिनों ने करवा चौथ की कथा का श्रवण किया। देर शाम चांद के दीदार कर सुहागिनों ने अपने पतियों के दर्शन कर उपवास खोला। इससे पहले दिन भर सुहागिनों में सजने की होड़ लगी रही। खास बात तो यह रही कि 3बहू से अधिक सुंदर दिखने के लिए अधिकांश सास भी दिन भर संजने संवरने में लगी रही।


यमुनानगर में करवा चौथ पर्व के मौके पर अपने पतियों की दीर्घायु की कामना को लेकर पूजा अर्चना करतीं सुहागिनें।

### महिलाओं के लिए करवा चौथ है खास पर्व

शहर की सरोजनी कॉलोनी निवासी रुकमेश, सुनीता, कोमल, रजनी, मॉडल टाउन निवासी सुरभी, कमलेश व सुमन आदि का कहना है कि करवा चौथ, सुहागिनों के लिए सबसे खास दिन है। इस पर्व को लेकर महिलाएं कई-कई दिन पहले मेहंदी लगाना और अन्य श्रृंगार का सामान खरीदना शुरू कर देती हैं। करवा चौथ पर्व के अवसर पर महिलाएं अपने को दूसरों से अलग दिखाने के लिए खास मेहनत करती हैं। नवविवाहितों की बात की जाए तो उनमें कुछ नया ही जोश होता है। श्रृंगार के सामान से सजाना काफी अच्छा लगता है।

### करवा चौथ पर्व का अपना ही है एक क्रेज

नवविवाहिता रेखा, निशा व सुरेखा ने बताया कि उनका पहला करवा चौथ है तथा इस दिन व्रत रखना उन्हें अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्रत अपने पति की लंबी आयु के लिए है। इसलिए इसका अपना ही क्रेज है। वहीं स्वयं को सजाने-संवारने में जुटी पूनम, स्नेहा व रितिका ने बताया कि यही मौका होता है जब हम अपने को सजाने का हर शौक पूरा करती हैं। फरकपुर निवासी कविता व कैंप निवासी सोनम ने बताया कि उनके पति विदेश गए हुए हैं। इसलिए उन्होंने इंटरनेट के माध्यम से उनसे बातचीत की।

# सांस्कृतिक कार्निवल में 23 स्कूलों के 143 बच्चों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्निवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, फैशन शो व अनेक कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्निवल में 23 स्कूलों से आई 23 सोलो व 15 ग्रुप टीमों सहित 143 बच्चों ने भाग लिया।

कार्निवल का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। समूह नृत्य में महाराणा प्रताप स्कूल ने प्रथम, बीआर इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय व मुकंद लाल पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में महाराणा प्रताप स्कूल कुरुक्षेत्र से राशि तंवर ने प्रथम, सरकारी स्कूल जठलाना से मानवी ने द्वितीय व मुकंदलाल पब्लिक स्कूल यमुनानगर की जसकीरत कौर व एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगाधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम संचालन में डॉ.वंदना, आशिमा बंसल, सोनिया शर्मा एवं गीता सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



यमुनानगर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्निवल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

खबर संक्षेप

## दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव 27 से

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा 27 व 28 अक्टूबर 2025 को जिला स्तर पर युवा महोत्सव मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में



जिला के 15 से 29 वर्ष तक के युवक युवतियां भाग ले सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि इस कार्यक्रम में समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र एकल समूह, व विज्ञान मेला आदि किसी भी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## हवन-यज्ञ से वातावरण होता शुद्ध : डॉ नीलिमा



**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिसर स्थित श्रीगीता कुंज आश्रम बद्रीनारायण मंदिर में में चल रहे चतुर्मास के अवसर पर चले विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं हवन यज्ञ में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंज्यूमर कोर्ट की अध्यक्ष न्यायधीश डॉ नीलिमा शांगला ने कहा कि स्वामी मुक्तानंद जी महाराज मौन व्रत धारण किए हुए हैं। डॉ नीलिमा शांगला ने कहा कि यज्ञ से जहां पर्यावरण शुद्ध होता है तो वही नकारात्मक विचारों का भी नष्ट होता हैं।

## 200 जरुरतमंद लोगों को वितरित किए कंबल

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा कक्कड़ परिवार के सहयोग से स्व. अनिल कक्कड़ पुत्र स्व. चौधरी जय दयाल कक्कड़ की पावन स्मृति में सेवा कार्य के तहत 200 कंबल जरूरतमंद लोगों में वितरित किए गए। यह कार्यक्रम डी. ए. वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी क्लब के प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने की। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कक्कड़ परिवार सदैव समाज सेवा में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि स्व. अनिल कक्कड़ जी का जीवन सेवा, विनम्रता और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक रहा है।

## पोलियो अभियान के तहत घर-घर पहुंचेंगी टीमें

**पिहोवा।** डा. मनीषा सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के लगभग पिहोवा के 18 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पिहोवा के प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षित रखना तथा प्रदेश को पोलियो-मुक्त बनाना है। डा. मनीषा सिंह ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 12 से 14 तक किया जाएगा। इस पिहोवा शहर में 12 अक्टूबर को बूथ स्तर पर व 13 और 14 को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जा कर पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।


## करवा चौथ : पति की दीर्घायु के लिए की कामना

# छननी में चांद का दीदार कर सुहागिनों ने खोला व्रत

*सोलह श्रृंगार रचा व्रती महिलाओं ने बुजुर्गों से सुनीं कथा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

अखंड सौभाग्यवती का प्रतीक करवाचौथ व्रत शुक्रवार को दिनभर निराहार रहकर रात को सुहागिनों ने छननी में चांद का दीदार कर पति के हाथों जल ग्रहण कर संपूर्ण किया। महिलाओं ने चांद को अर्घ्य देकर व्रत निराहार का क्रम पति के हाथों तोड़ा। इससे पूर्व सभी महिलाएं चांद का इंतजार करती नजर आईं। चांद निकलने पर सौभाग्यवती स्त्रियों ने पति की दीघार्यु, स्वास्थ्य व मंगलकामना की। नवविवाहिताओं ने व्रत के संपूर्ण होने पर पहले करवाचौथ पर पति संग सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर इसे अपलोड किया। पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम को सोलह श्रृंगार रचा व्रती महिलाओं ने घर या मोहल्ले, कालोनी की बुजुर्ग महिलाओं के बीच बैठकर करवा चौथ की कथा सुनी और चौथ माता की विधि विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने चौथ माता की पूजा कर अपने सुहाग की दीघार्यु ,परिवार में कुशल मंगल की कामनाओं के साथ पूजा-अर्चना की। शुक्रवार सुबह से ही पूजन की तैयारियां शुरू



**कुरुक्षेत्र।** करवा चौथ की कथा सुनती महिलाएं।

हो गई थीं। व्रत धारण कर महिलाएं खूब सजी-संवरी और करवे में गेहूं भरा और उसके ढक्कन पर मिष्ठान व दक्षिणा रखकर ईष्टदेव भगवान गणेश का पूजन किया। इसके बाद महिलाएं गली-मोहल्लों और मंदिरों में एकत्र हुईं और करवाचौथ की कथा का श्रवण किया। शाम को पूजन किया गया। इसके बाद बेसब्री से चांद का इंतजार किया गया। जिन महिलाओं के पति उनसे दूर थे, उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए वीडियो कॉलिंग कर पतियों के दर्शन किए और व्रत खोला। इस मौके पर बाजार भी पूरी तरह गुलजार नजर आए। श्रीदुर्गा देवी मंदिर के पीठाधीक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि करवाचौथ का पर्व सौभाग्यवती स्त्रियों के लिए होता है। उन्होंने कहा कि इस दिन गणेश जी महाराज तथा चौथ माता का पूजन पति की दीर्घ आयु के लिए होता है। निराहार रहने वाली महिलाओं को व्रत का सौ गुणा फल ज्यादा मिलता है।

### पतियों ने दिए उपहार

इस दौरान पतियों ने भी कई जगह अपनी पत्नियों को उपहार भेंट कर आजीवन साथ निभाने की कसमें खाईं। व्रती महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। जिन महिलाओं के पति उनसे दूर थे, उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये वीडियो कॉलिंग कर उनके दर्शन किए और व्रत खोला। फेसबुक व व्हाटसएप पर करवाचौथ की बधाई देने का सिलसिला भी दिनभर चलता रहा। महिलाओं ने पर्व पर हाथों में मेहंदी लगवाई। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी पर्व का रंग चटख रहा। करवा चौथ व्रत के दौरान सुहागिन महिलाओं ने रात में छलनी में चांद का दर्शन करने के उपरांत पति का दीदार किया।

### बाजारों में दिनभर रही चहल-पहल

शुक्रवार को करवा चौथ का त्योहार परंपरागत तरीके से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। पतियों की लंबी आयु के लिए रखा जाने वाले करवा चौथ के त्योहार की तैयारी में सुहागिन कई दिन पूर्व से जुट जाती हैं। नवविवाहित महिलाएं पहला त्योहार परंपरा अनुसार अपने मायके में मनाती हैं। शुक्रवार को करवा चौथ के दिन सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा और आस पड़ोस की महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से एकत्र होकर करवा चौथ कथा सुनकर पतियों की दीघार्यु होने की कामना की। जिला के उपमंडल पिहोवा, शाहबाद, लाडवा व थानेसर में करवा चौथ का त्योहार परंपरागत तरीके से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। त्योहार के मद्देनजर बाजारों में दिनभर भीड़ उमड़ी से चहल-पहल रही।

## कुवि में बहादुर जी की भारतीय इतिहास को देन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# बाबा बंदा सिंह बहादुर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा : सचदेवा



**कुरुक्षेत्र।** दीप प्रज्जवलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ करते अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं पंजाबी विभाग की बाबा बंदा सिंह बहादुर चेयर के तत्वावधान में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (पंजाबी विंग) पंचकूला, स्वतंत्रता सेनानी राजा अजीत सिंह लाडवा मेमोरियल ट्रस्ट (रजि.) तथा बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख सम्प्रदाय भारत (रजि.) के सहयोग से बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की जयंती के उपलक्ष्य में बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की भारतीय इतिहास को देन विषय पर शुक्रवार को केयू सीनेट हॉल में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर का जीवन भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका साहस, त्याग और बलिदान राष्ट्र निर्माण के आदर्शों को सशक्त बनाते हैं।

### भारतीय संस्कृति में ऊर्जा का संचार किया

*बाबा बंदा सिंह बहादुर ने अपने आदर्शों के माध्यम से भारतीय संस्कृति में एक नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी समाज सुधारक और न्यायप्रिय प्रशासक भी थे। इससे पहले सभी अतिथियों का स्वागत इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर ने किया। उन्होंने बाबा बंदा सिंह बहादुर को भारतीय इतिहास का महान योद्धा एवं समाज सुधारक बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। सेमिनार के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के बाबा जतिंदर पाल सिंह सोढी, दसवें वंशज व वर्तमान गद्दीनशीन, डेरा बाबा बंदा बहादुर रियासी ने केयू में बाबा बंदा सिंह बहादुर चेयर को 10 लाख रुपये अनुदान राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर का योगदान न केवल सिख इतिहास तक सीमित है, बल्कि वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूतों में से एक थे।*

# धोखाधड़ी से मतदाताओं की वोट चोरी को लेकर पूरे देश में आक्रोश : सुरेंद्र

- हस्ताक्षर अभियान के तहत लोगों की संविधानिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने कहा है कि वोट चोरी का मुद्दा देश व्यापी मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी से मतदाताओं की जो वोट चोरी की गई उसको लेकर पूरे देश में आक्रोश है। देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। वे वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत थानेसर खंड के कई गांवों में हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद शुक्रवार को अपने कार्यालय में उपस्थित कार्यकतार्ओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज कपूर, श्यामलाल सेन पालाराम सिंहपुरा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बलवंत सैनी, रामकरण, रामकुमार सैनी, ज्ञान सेन, पवन सैनी , सतीश सैनी, तेजस सैनी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मुकेश सैनी, राजपाल नरेश कुमार, सतीश कुमार, बलदेव, शैलेंद्र सैनी, सरदार हरजिंदर सिंह नराता राम, राजेश धीमान, अर्जुन कपूर, रामेश्वर सैनी, राजेंद्र कुमार, वेद प्रकाश, रामपाल, जयपाल, दीपक कुमार, जंग बहादुर, सुखविंदर सिंह, रजनीश सैनी, जयचंद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरेंद्र सैनी ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस तरीके से वोटो की चोरी करके सरकार बनाई गई है।

# नए पाठ्यक्रम से शालाक्य तंत्र की चिकित्सा का मिलेगा ज्ञान

- श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (ठउकरट) तत्वावधान में तीन दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में आयुर्वेद के पीजी शालाक्य तंत्र विभाग के नेत्र एवं कर्ण, नासा और मुख विषय से संबंधित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को तैयार किया गया। एनसीआईएसएम द्वारा इस वर्कशॉप की जिम्मेदारी श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान को सौंपी गई। उनके कुशल मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण अकादमिक प्रक्रिया संपन्न हुई। वर्कशॉप में देश के विभिन्न आयुर्वेदिक संस्थानों के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। स्नातकोत्तर शालाक्य तंत्र (कर्ण, नास, मुख) विषय की सिलेबस कमेटी की चेयरपर्सन प्रो. वैद्य संगीता सालवी (तिलक आयुर्वेदिक कॉलेज, पुणे) के नेतृत्व में विशेषज्ञ समिति ने तीनों दिनों तक गहन चर्चा के बाद सिलेबस का प्रारूप तैयार कर अंतिम रूप से अनुमोदित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेद के उच्च शिक्षा क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक कदम है। इस नए पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को शालाक्य तंत्र की आधुनिक और पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का गहन ज्ञान मिलेगा। शालाक्य तंत्र विषय की गहराई और उपयोगिता बढ़ेगी।

### ये रहे मौजूद

*वर्कशॉप में उपस्थित एनसीआईएसएम के आयुर्वेद बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एस.एम. कुंदरी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी.एस. प्रसाद, बोर्ड के मेंबर प्रो. डॉ. अतुल बी. वाषणे, प्रो. वैद्य कमलेश कुमार द्विवेदी विदर्भ आयुर्वेद महाविद्यालय, महाराष्ट्र एवं अन्य विशेषज्ञ डॉ. विलोभ वी. भारतीय सॉफ्टवेयर कोऑर्डिनेटर सदस्य, डॉ. हेमंत बविसकर सह-अध्यक्ष, सिलेबस कमेटी, डॉ. मनोज कुमार फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा, आईएमएस बीएचयू, वाराणसी, डॉ. प्रवीण भट महाराष्ट्र आरोग्य मंडल, पुणे, डॉ. रूबी कुमार गवर्नमेंट आयुर्वेद कॉलेज, पटना, डॉ. नूतन राडये जी.डी. पोल फाउंडेशन, नवी मुंबई, डॉ. सविता एस. आंगडी केएलई आयुर्वेद कॉलेज, बेलगावी, डॉ. नवीन बी.एस. श्रीश्री आयुर्वेद कॉलेज, बेंगलुरु आदि मौजूद रहे।*



## भद्रकाली शक्तिपीठ में मनाया करवा चौथ पर्व

**कुरुक्षेत्र।** कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में सुहागिनों के सबसे लोकप्रिय त्यौहार करवा चौथ को हर्षोल्लास व धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ मनाया गया । मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने बताया कि सौभाग्यशाली महिलाओं के सुखी वैवाहिक जीवन के लिए, उनके पति की दीघार्यु की मंगल कामना के लिए, माँ भद्रकाली के दरबार में करवा चौथ का त्यौहार हर वर्ष मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि करवाचौथ दो शब्दों से मिलकर बना है, 'करवा' यानी 'मिट्टी का बरतन' और 'चौथ' यानि 'चतुर्थी'। माँ भद्रकाली महिला मंडल की विवाहित सेविकाएं साल भर इस त्यौहार का इंतजार करती हैं और इसकी सभी विधियों को बड़े श्रद्धा-भाव से मंदिर परिसर में पूरा करती हैं। सुहागिनें 16 श्रृंगार से सजकर मंदिर पहुंची थी । उन्होंने बताया कि करवाचौथ का पवित्र त्यौहार पति-पत्नी के मजबूत रिश्ते, प्यार और विश्वास का प्रतीक है। पीठाध्यक्ष प० सतपाल शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह पावन पवित्र प्यार का बंधन है,आपसी रिश्तों को मजबूत गठजोड़ है ,त्याग और तपस्या का अनुपम उदाहरण है ।इसमें प्राकृतिक सौन्दर्य का आधार चंद्रमा का पूजन है । चंद्रमा का संबन्धन मन से है और मन का सम्बन्ध अटूट बंधन से है, यह पति पत्नी के रिश्तों को निभाने वाला पर्व है ।

# एलसीएलओ कर्मियों का अनशन जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



एलसीएलओ- कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 22वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ की गुरमीत जिला प्रधान कुरुक्षेत्र व संचालन अभिषेक करनाल ने किया। धरने की अध्यक्षता करते हुए गुरमीत ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है। जिला प्रधान अनिल ने कहा कि जब तक सरकार कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे। क्रमिक अनशन पर सुरजीत रेवाड़ी,सचिन झज्जर, योगेश पलवल, प्रकाश नूंह व अनीश पलवल बैठे।

### सरकार को बातचीत का रास्ता निकालना चाहिए

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश ने कहा कि सरकार को चाहिए कि बातचीत का रास्ता निकाले व इन कर्मचारियों को इनकी ड्यूटी दे अन्यथा आंदोलन को पूरे राज्य में बढ़ाया जाएगा। यूनियन के कार्यकारिणी सदस्य सचिन झज्जर ने बताया कि नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ क्रिड पंचायत लोकल ऑपरेटर की पोस्ट के लिए लेकिन ऑफर लेटर एलसीएलओ लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर का दे दिया। यह बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी है।



**लाडवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निमंत्रण पत्र देते प्रधान पवन गर्ग व प्राचार्य कुशल पाल।

## जोनल यूथ फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दिया निमंत्रण

**लाडवा।** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, धनौरा-लाडवा प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल द्वारा हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को कॉलेज परिसर में आगामी 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले जोनल यूथ फेस्टिवल 2025 का निमंत्रण दिया। प्रधान गर्ग ने जानकारी देते हुए कहा कि यह तीन दिवसीय क्षेत्रीय सांस्कृतिक महोत्सव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का यह 48वां संस्करण कुरुक्षेत्र जोन के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा, जिसकी मेजबानी एक बार पुनः इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, धनौरा-लाडवा को सौंपे जाने पर संस्थान गौरव अनुभव कर रहा है। पवन गर्ग ने बताया कि यह अवसर कॉलेज के इतिहास में दूसरी बार प्राप्त हुआ है, जो संस्था की उत्कृष्ट सांस्कृतिक पहचान और आयोजन क्षमता का प्रमाण है।

## नानक साई फाऊंडेशन की भगत नामदेव घुमान दर्शन यात्रा 3 नवम्बर को पहुंचेगी कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र।** नानक साई फाऊंडेशन द्वारा श्री हजूर साहिब नांदेड से निकाली जा रही 11वीं भगत नामदेव घुमान दर्शन यात्रा 3 नवम्बर को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र



पहुंचेगी। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष पंधेरीनाथ बोकारे ने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व एवं संत शिरोमणि भक्त नामदेव महाराज की 755वीं जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नानक साईं फाउंडेशन (नांदेड) द्वारा इस 11वीं भगत नामदेव घुमान दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा 27 अक्तूबर से 6 नवंबर तक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली के विभिन्न धार्मिक और ऐतिहासिक स्थानो का दर्शन करेगी। नानक साई फाऊंडेशन की टीम ने आज हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झिंडा से मुलाकात कर यात्रा आगमन पर स्वागत एवं गुरु के लंगर प्रबंध में सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में 200 श्रद्धालु शामिल होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा के बीच संस्कृति, सांप्रदायिक तथा भाईचारा को अधिक मजबूत करना है। साथ मे धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को जोड़ना और विश्व शांति के लिए और मानवता की भलाई की प्रार्थना करना हैं।

**समाधान शिविर** अब तक 6816 शिकायतें मिली, 4859 का समाधान, 1432 रद, 342 रि-ओपन

# समीक्षा बैठक से अनुपस्थित डीटीपी को नोटिस जारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समीक्षा बैठक से अनुपस्थित डीटीपी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष फोकस है। यहां पर सभी प्रकार की शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए समाधान करें। ऐसी गंभीरता के बीच अधिकारी बिना किसी सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहे तो इसे सहन नहीं किया जाएगा। समाधान शिविर में डीटीपी से संबंधित 4 शिकायतें पेंडिंग है। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित एसएमजीटी, सीपी ग्राम, जन संवाद और समाधान शिविरों में आई शिकायतों के समाधान को लेकर समीक्षा कर रहे थे।




**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों से बातचीत करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

### कुरुक्षेत्र की शिकायतों को लेकर सीएम गंभीर

समाधान शिविरों में अभी तक 6816 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इनमें से 168 पेंडिंग, 4859 का समाधान, 1432 शिकायतें को रद, 342 शिकायतें रि-ओपन किया गया है। एसएमजीटी के तहत 93 शिकायतें पेंडिंग हैं और सीपी ग्राम पोर्टल पर 21 शिकायतों का समाधान किया जाना है। इसके अलावा जन संवाद के तहत प्राप्त 387 शिकायतों में से 107 पर कार्रवाई जारी है और 58 शिकायत ओवर-ड्यू हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जिले में किए जाने वाले जनसंवाद, मुख्यमंत्री आवास, और फील्ड कार्यक्रमों के दौरान प्राप्त होने वाली सबसे ज्यादा शिकायतें कुरुक्षेत्र जिला से संबंधित हैं। यहां की समस्याओं और शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं गंभीर हैं। इन शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए समाधान करें। उन्होंने कहा कि इन शिकायतों के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समीक्षा भी कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी विभाग की शिकायत का समाधान नहीं होगा, वो अधिकारी स्वयं जिम्मेदारी होगी और उस पर कार्रवाई होनी भी संभव है।

### ये रहे मौजूद

*बैठक में एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अभिनव सिवाच, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार, डीएसपी सुनील कुमार, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, रोडवेज जीएम शेर सिंह, तहसीलदार बलकार सिंह, उप कृषि निदेशक डा. कर्मचंद सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### नागरिक अस्पताल से कॉपर की पाइप चोरी

**अंबाला।** अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में एसी के आउटडोर से कॉपर के पाइप काटकर चुराने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले तीन दिन में चोर दूसरी बार चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। अब एमआरआई सेंटर के दो एसी से कॉपर के पाइप काट लिए गए। सेंटर संचालक पुरुषोत्तम का कहना है कि पहले भी तीन बार एसी के कॉपर पाइप चोरों द्वारा काट लिए गए है। बावजूद अभी तक चोर नहीं पकड़े गए। शातिर चोर अस्पताल में उस जगह पर वारदात को अंजाम दे रहे हैं, जहां पर न तो सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती होती है और न ही कोई सीसीटीवी लगे हुए हैं। आसानी से चोर चोरी कर भाग जाते हैं।

### मिल्क केक-बर्फी और रसगुल्लों के सैंपल भरे

**बराड़ा।** त्यौहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में जांच बढ़ा दी है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तीन दुकानों से मिठाई के पांच सैंपल भरे। इसमें बीकानेर स्वीट्स, क्वालिटी स्वीट्स व प्रेमी स्वीट्स से टीम ने मिल्क केस, बर्फी, मावा बर्फी, पनीर रसगुल्ला व गुलाब जामुन के सैंपल भरे। इन सैंपलों को सील कर जांच के लिए करनाल स्थित लैब में भेज दिया गया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आजाद ने बताया कि त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों को लेकर सरकार काफी सख्त है। इसी क्रम में बराड़ा की तीन मिठाईयों की दुकानों से सैंपल भरे गए हैं।

### बंद मकान से गीजर व टूटियां चोरी, केस दर्ज

**अंबाला।** बंद मकान में अज्ञात ने सेंध लगाकर पानी के गीजर और टूटियां आदि चोरी कर ली। सिविल लाइन निवासी ज्ञानचंद कक्कड़ की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ज्ञानचंद कक्कड़ ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले ही सिविल लाइन से विवेक विहार में शिफ्ट किया था। उनका कुछ सामान, डबल बैड, कुछ कपड़े, फर्नीचर आदि पड़ा हुआ था। सात अक्तूबर को शाम लगभग 5.30 बजे जब वो घर में कुछ सामान लेने गया तो देखा कि सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे और कमरों की लाइटें जल रही थीं, वहीं बाथरूम के वॉश बेसिन टूटे हुए थे और पानी की टूटियां, 20 व 10 लीटर के दोनों गीजर गायब थे। इसके अलावा कुछ अन्य सामान भी गायब था।

## जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर अफसरों ने शुरू की कार्रवाई

# नालों का मुआयना, कई जगह डिस्पोजल प्लांट लगाने की चर्चा

शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलवाने के लिए असीम गोयल निरंतर प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलवाने के लिए पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस समस्या से पूरी तरह मुक्त कराने का संकल्प लिया है। इसी दिशा में कार्य लगातार जारी है। गोयल के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नए ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने नगर निगम के एक्सईएन, पब्लिक हेल्थ विभाग, नहरी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शहर का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर के उन इलाकों का निरीक्षण किया, जहां बरसात के दौरान जलभराव की समस्या बार-बार सामने आती है। दौरे की शुरुआत इंको चौक से की गई। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल सेक्टर 9, सेक्टर 10, सेक्टर 8,हाउसिंग बोर्ड, शक्ति नगर, मानव चौक, रतनगढ़ रोड, नसीरपुर और जड़ौत रोड जैसे क्षेत्रों का दौरा करता हुआ आगे बढ़ा। निरीक्षण के दौरान



अंबाला। नाले का मुआयना करते निगम अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**भविष्य की जरूरतों के अनुसार सुधार की संभावनाओं पर चर्चा**

अधिकारियों ने मौके पर ड्रेनेज सिस्टम की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। भविष्य की जरूरतों के अनुसार सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की। कई स्थानों पर नए डिस्पोजल प्लांट लगाने और पानी निकासी के वैकल्पिक मार्ग विकसित करने के प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**आपसी तालमेल बनाकर काम करें**

इस मौके पर रितेश गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व और पूर्व मंत्री असीम गोयल के मार्गदर्शन में अंबाला शहर को जलभराव की समस्या से स्थायी रूप से मुक्त कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह दौरा सीएम के मार्गदर्शन और असीम गोयल के निर्देशों पर किया गया है ताकि आगामी बरसात से पहले हर संभावित समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। गोयल ने कहा कि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देना हमारी जिम्मेदारी है। जिस तरह से अंबाला शहर में पिछले वर्षों में सड़क, सीवरेज और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है उसी तरह आने वाले समय में भी यह कार्य और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अंबाला को जलभराव मुक्त बनाने का सपना अब दूर नहीं क्योंकि सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर इस दिशा में एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अगर इस तरह योजनाबद्ध और जमीनी स्तर पर कार्य होता रहा तो शहर जल्द ही जलभराव जैसी पुरानी समस्या से पूरी तरह निजात पा लेगा। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि सरकारी विभागों के आपसी तालमेल की वजह से कई सरकारी परियोजनाएं अधर में लटक जाती है। ऐसे में उन्होंने सभी विभागों से कहा है कि इस समस्या के निजात के लिए आपसी तालमेल बनाकर काम करने की बात कही।

## प्रदेश की कमान सैनी समाज के हाथ में होना गर्व की बात



अंबाला। मीटिंग के दौरान सभा के पदाधिकारी व अन्य सदस्य

- सैनी समाज के सभी सदस्यों को एक मंच पर एकजुट करने की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला सैनी सर्कल सभा की मासिक बैठक सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पहुंचे सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मचंद व नगर परिषद चेयरमैन झज्जर जिले राम का देवेंद्र सैनी व अन्य सभा सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मचंद ने कहा कि सभी सैनी समाज के सदस्यों को एक मंच पर एकत्रित होने की जरूरत है। प्रदेश की कमान नायब सिंह सैनी के हाथों में चल रही है। जोकि सैनी समाज के लिए बड़े ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सैनी समाज के कई संगठन बने हुए हैं। जोकि अपनी-अपनी विचारधारा के अनुसार कार्य कर रहे हैं। इन सभी संगठनों को सैनी महासभा से जोड़ा जा रहा है ताकि सैनी समाज एक मंच पर एकत्रित हो सके। पूरे प्रदेश में सैनी संगठन की एकजुटता का प्रचार-प्रसार हो सके। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष धर्मचंद ने सैनी सभा के मौजूदा प्रधान देवेंद्र सैनी को सैनी महासभा का जिलाध्यक्ष घोषित किया। इसको लेकर अंबाला सैनी सर्कल सभा के सभी पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस बैठक में सैनी हाई स्कूल में बढ़ रही बच्चों की संख्या को मध्यनजर रखते हुए स्कूल के अतिरिक्त कक्षा रूम बनाने को लेकर चर्चा की गई। प्रधान देवेन्द्र सैनी ने स्कूल के कार्यों से संबंधित पहले से गठित कोऑर्डिनेटर कमेटी की जिम्मेदारी रामचंद्र सैनी को दी गई। उन्हें मुख्य कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सेक्रेटरी बलबीर सिंह, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद, उपप्रधान मोहन लाल सैनी, मैनेजर देवीचंद, सुंदर लाल, महासचिव श्रीकृष्ण सैनी, डॉ. केसी सैनी, रामचंद्र सैनी, पूर्ण प्रकाश सैनी, सुरजीत सिंह सोंडा, अनिल सैनी, मनोज सैनी, रोशन लाल, दलजीत सिंह पूनिया, स्वर्ण सैनी, नैब सिंह सैनी, बलजीत सैनी, देवराज सैनी सहित छावनी के प्रधान गुरनाम सैनी, सचिव मेहर सैनी भी मौजूद रहे।

## योग फेडरेशन ने मनाया करवा चौथ का पर्व

### सामाजिक सद्भाव और परंपराओं के सम्मान को बढ़ावा देना उद्देश्य

- महिला विंग ने एकजुटता के साथ त्यौहार मनाने की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

योग फेडरेशन की महिला विंग द्वारा करवा चौथ के पावन अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन फेडरेशन की वर्किंग प्रेसिडेंट सुनीता अरोड़ा के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में सविता विज, अंजू जैन, कमलप्रीत कौर, ज्योति मेहता और मीनाक्षी जैन ने विशेष भूमिका निभाई। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी उपस्थित महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया गया। फेडरेशन की वाइस प्रेसिडेंट कमलप्रीत कौर ने कहा, "यह समारोह हमारी सदस्यों के बीच आपसी बंधन और एकता को मजबूत करने का एक अद्भुत अवसर था।उन्होंने कहा की यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सद्भाव और परंपराओं के सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। योग फेडरेशन की यह पहल महिलाओं के बीच आपसी सहयोग और साथ के पवित्र रिश्ते को मनाने का एक सुंदर मंच साबित हुई। गिन्नी ठुकराल, दीपाली, लवली, हिना आदि मौजूद रही।



अंबाला। करवाचौथ पर्व के दौरान मौजूद महिलाएं।

## कार चालक की लापरवाही से हादसे में तीन जख्मी, दो की हालत गंभीर

- फ्लाईओवर की सर्विस लाइन पर कार और बाइक की टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

अंबाला- कालअंब नेशनल हाइवे पर पतरेहड़ी के पास बने फ्लाईओवर की सर्विस लाइन पर कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान पतरेहड़ी के नरेश व उसके पुत्र दीपक और तीसरे की पहचान नरेश के रिश्तेदार यश रूप में हुई। शुक्रवार सुबह नरेश,दीपक व यश अपने किसी काम से शहजादपुर जा रहे थे। जब वे नए फ्लाईओवर की सर्विस लाइन पर पहुंचे तो उनके बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों मोटरसाइकिल सहित नीचे गिर गए और घायल हो गए ।



शहजादपुर। अस्पताल में उपचाराधीन जख्मी व क्षतिग्रस्त बाइक।

## आईपीएस की मौत से प्रशासनिक ढांचे की कमजोरियां उजागर हुई

- युवा जजपा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने पूरण सिंह की संदिग्ध मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

युवा जजपा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूर्ण सिंह की संदिग्ध मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना केवल एक अधिकारी की व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र के लिए एक चेतावनी और आत्ममंथन का विषय है। एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और जनता से जुड़े अफसर का इस तरह असमय जाना पूरे प्रदेश को हिला देने वाला है। डॉ. खैहरा ने कहा कि वाई. पूर्ण सिंह जैसे जांबाज और निष्ठावान अधिकारी अपनी ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। उनका यह कदम यह दर्शाता है कि सिस्टम के भीतर ऐसा माहौल बन चुका है, जहां सच बोलने और न्याय के लिए काम करने वाले अधिकारी खुद को अकेला और असुरक्षित महसूस करने लगे। यह घटना पूरे प्रशासनिक ढांचे की कमजोरियों और कमजोरियों को उजागर करती है।डॉ. खैहरा ने प्रदेश सरकार से मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्च-स्तरीय जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आए।

## कानून जागरुकता और न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति युवाओं में बढ़ी जिज्ञासाः अमन कुमार

- तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि प्रदर्शनी से आम नागरिकों तथा छात्रों को संशोधित धाराओं, प्रक्रियात्मक दायित्वों और नागरिक अधिकारों के बारे में स्पष्ट समझ विकसित हुई है। विद्यार्थियों ने विशेषकर फोरेंसिक और अपराध-प्रवर्तन से जुड़े पर्यवेक्षणीय प्रदर्शन में रुचि दिखाई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि युवा पीढ़ी में कानून जागरुकता और न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति जिज्ञासा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 3 अक्टूबर को किया था। इसके उपरांत प्रदर्शनी को आम जनता के लिए खोला गया। प्रारम्भ में यह प्रदर्शनी 7 अक्टूबर 2025 की सांय में संपन्न होनी थी, प्रदर्शनी की अवधि चार दिन और बढ़ाकर 11 अक्टूबर 2025 की सांय तक कर दी गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पलवल, नूह, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रेवाडी, पंचकूला, कैथल, सिरसा, जींद, हिसार से आए लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



### मानसिक रोगी के साथ संवाद सबसे प्रभावी उपचारः अभिलव

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के काय चिकित्सा विभाग द्वारा कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता आयुष विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. वैद्य बलबीर सिंह संधु और मनोचिकित्सक डॉ. अभिलव कंबोज ने शिरकत की। कार्यक्रम में आगमन पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता और काय चिकित्सा विभाग की चेयरपर्सन प्रो. नीलम ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर वैद्य बलबीर सिंह संधु ने कहा कि मानसिक रोग सृष्टि के आरंभ से ही विद्यमान हैं।

## ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्थान तय किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

दीपावली पर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते नगरपालिका क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत शहजादपुर में ग्रीन पटाखों की बिक्री हेतु स्थान निर्धारित किए गए हैं। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि इच्छुक प्रार्थी 15 अक्तूबर 2025 तक एसडीएम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रीन पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित स्थलों पर 18, 19 और 20 अक्तूबर 2025 तक स्टॉल लगाकर की जा सकेगी। क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए हुड्डा सेक्टर-4, कॉलेज रोड स्थित हुडा पार्किंग ग्राउंड को चिह्नितत किया गया है। इसी प्रकार बीडीपीओं शहजादपुर द्वारा ग्राम पंचायत शहजादपुर में पशु अस्पताल के पास खाली पड़ी पंचायती भूमि को ग्रीन पटाखों की बिक्री स्थल के रूप में चुना है। एसडीएम ने कहा कि दीपावली के अवसर पर केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की ही अनुमति होगी। नागरिकों से अपील की कि वे प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से तय दिशा-निर्देशों का पालन करें।



एसडीएम शिवजीत भारती।

### घरेलू कलह से महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**अंबाला।** अंबाला शहर की की कैथ माजरी की रहने वाली विवाहिता दीपिका (39) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति गौरव जब बच्चों को स्कूल से लेकर लौटा तो पत्नी का शव फंदे से लटका हुआ था। महिला के पास कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। प्राथमिक जांच में फंदा लगाने का कारण घरेलू कलह सामने आ रहा है। पुलिस ने मृतका का शव पोस्टमार्टम करवाने के परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी सुरेश कुमार का कहना है कि पति के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई अमल में लाई गई है। किसी की तरफ से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया। मृतका पटियाला की रहने वाली थी। 2009 में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले गौरव के साथ विवाह हुआ था। मृतक के पास एक बेटी व एक बेटा है।



**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण की ओर जारी किया लेटर

# राजकीय आईटीआई में दाखिले की तिथि 17 तक बढ़ी

तिथि के बाद किए किसी भी दाखिले को मान्य नहीं माना जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण ने राज्य के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं महिला आईटीआई में सत्र 2025-26 के लिए संस्थान स्तर पर ऑन द स्पॉट दाखिलों की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 17 अक्तूबर 2025 तक दाखिला ले सकेंगे। इस संबंध में महानिदेशक कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हरियाणा कार्यालय द्वारा सभी संस्थानों को पत्र जारी किया गया है। निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी संस्थानों को जारी किए पत्र के अनुसार दाखिले की प्रक्रिया 10 से 17 अक्तूबर तक चलेगी। अभ्यर्थी दाखिला पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और फीस जमा करवाकर दाखिला ले सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल वही दाखिले वैध माने जाएंगे जो निर्धारित तिथि से पहले पोर्टल पर ऑनलाइन फीस सहित अपलोड किए गए हों। तिथि के बाद किए गए किसी भी दाखिले को मान्य नहीं माना जाएगा।



बराड़ा। आईटीआई का बाहरी दृश्य।

**रिक्त सीटों की संख्या पोर्टल पर**

इसके अलावा निदेशालय ने सभी संस्थानों को यह भी निर्देश दिया हैं कि जो प्रशिक्षणार्थी निश्चित तिथि तक रिपोर्ट नहीं करते या लगातार अनुपस्थित रहते हैं, उनसे संपर्क कर कक्षाओं में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, यदि प्रशिक्षणार्थी लगातार अनुपस्थित रहता है, तो नियमानुसार उसका नाम काटकर रिक्त सीट पर नया दाखिला किया जाए। ये दाखिले नए एवं पुराने आवदेनों की संयुक्त मेरिट के आधार पर संस्थान स्तर पर किया जाएगा। इसमें कोई आरक्षण लागू नहीं होगा। प्रार्थी जिस संस्थान में दाखिला लेना चाहता है। वह उस संस्थान में 17 अक्तूबर 2025 को दोपहर 12 बजे तक अपना मेरिट कार्ड जमा करवाएगा। संस्थान वाईइज रिक्त सीटों की संख्या दाखिला पोर्टल पर देखी जा सकती है।